Need for diversification of Indore Airport and according it the status of International Airport

श्री शंकर लालवानी **(इन्दौर) :** माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से इन्दौर का एक विषय उठाना चाहता हूँ।

इन्दौर सिर्फ स्वच्छता में ही नम्बर वन नहीं है, बल्कि इन्दौर स्मार्ट सिटीज में भी नम्बर वन है, एयर क्वालिटी इंडेक्स में भी नम्बर वन है, आयुष्मान भारत में भी नम्बर वन है, मातृत्व वंदन योजना में भी इन्दौर नम्बर वन है। माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में इन्दौर उम्मीदों का शहर बन गया है। इन्दौर की ग्रोथ रेट देश के अन्य शहरों से बहुत आगे है। मैं इन्दौर के एक ऐसे विषय को आपके सामने लाना चाहता हूँ कि अब इन्दौर के एयरपोर्ट के विस्तारीकरण की आवश्यकता है। मैं माननीय मंत्री जी से मांग करता हूँ कि आने वाले 50 वर्षों में इन्दौर एयरपोर्ट का विस्तारीकरण और इन्दौर एयरपोर्ट को इंटरनैशनल एयरपोर्ट का दर्जा दिलाने के लिए कार्रवाई करें।